दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन | भारत सरकार से रजिस्टर्ड | हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 03 अंक :- 34 मुरादाबाद, 24 May 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## ऑस्ट्रेलिया में बोले पीएम मोदी- भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी; क्रिकेट और मास्टरशेफ हमें जोड़ते हैं




पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल जब महान शेन वॉर्न का निधन हुआ तो ऑस्ट्रेलिया के साथ कोटि-कोटि भारतीयों ने भी शोक मनाया। यह ऐसा था जैसे हमने अपना कोई खो दिया है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि ऑस्ट्रेलिया के लोग इतने विशाल दिल वाले हैं। इतने सच्चे और अच्छे हैं कि भारत की इस विविधता को खुले दिल से स्वीकारते हैं। यही वजह है कि परमाता शहर में परमात्मा चौक बन जाता है। विग्रम स्ट्रीट भी विक्रम स्ट्रीट के तौर पर मशहूर हो जाती है और हैरिस पार्क क लोगों के लिए हरीश पार्क हो जाता है। हैरिस पार्क में जयपुर स्वीट्स की जलेबी, चाट, इसका तो कोई जवाब नहीं है। आप लोग मेरे मित्र अल्बानीज को भी कभी वहां ले जाइएगा। जब खाने की बात चली है, तो लखनऊ का नाम आना भी स्वाभाविक ही है। मैंने सुना है कि सिडनी में लखनऊ नाम की जगह है। मुझे पता नहीं वहां चाट मिलती है या नहीं। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय नामों वाली कितनी ही गलियां आपको भारत से जोड़ती हैं। मुझे बताया गया कि अब तो ग्रेटर सिडनी में इंडिया परेड शुरू होने जा रही है। क्रिकेट और मास्टर शेफ हमें जोड़ते हैं हमारे क्रिकेट के रिश्तों को भी 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। क्रिकेट के मैदान पर हमारा मुकाबला जितना कड़ा होता है, उतनी ही गहरी हमारी दोस्ती है। इस बार तो ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर भी भारत में आईपीएल खेलने आई हैं। ऐसा नहीं है कि हम सिर्फ सुख के ही साथी हैं। अच्छा दोस्त सुख का तो साथी होता है, दुख का भी साथी होता है। पिछले साल जब महान शेन वॉर्न का निधन हुआ तो ऑस्ट्रेलिया के साथ कोटि-कोटि भारतीयों ने भी शोक मनाया। यह ऐसा था जैसे हमने अपना कोई खो दिया है। साथियों आप सभी यहां ऑस्ट्रेलिया में हैं। यहां विकास को देख रहे हैं। आप सभी का एक सपना रहा है कि हमारा भारत भी विकसित राष्ट्र बने। यह हमारे सभी साथियों का भी सपना है। भारत के पास सामर्थ्य की कमी नहीं है। संसाधनों की कमी भी नहीं है। आज दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टैलेंट फैक्ट्री, जिस देश में है, वह है भारत।

### ब्रिस्बेन में खोला जाएगा भारत का कॉन्सुलेट

पीएम मोदी ने कहा कि पहले ऑस्ट्रेलिया के संबंध कॉमनवेल्थ, क्रिकेट और करी से डिफाइन किए जाते थे। इसके बाद हमारे संबंध डेमोक्रेसी, डायस्पोरा और दोस्ती से डिफाइन किए गए और अब हमारे संबंध एनर्जी, इकॉनोमी और एजुकेशन से डिफाइन किए जाते हैं लेकिन हमारे संबंध इससे कहीं ज्यादा हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिस्बेन में भारत का नया कॉन्सुलेट खोला जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी, जिसके बाद यह फैसला किया गया है।

### भारत में क्षमता और संसाधनों की कमी नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में क्षमताओं या संसाधनों की कोई कमी नहीं है। आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टैलेंट फैक्ट्री है। आईएमएफ भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को सबसे अहम मानता है। भारत का बैंकिंग सिस्टम भी मजबूत है। भारत ने बीते साल रिकॉर्ड निर्यात किया और हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकॉर्ड स्तर पर है। भारत में फिनटेक क्षेत्र में क्रांति आई हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारत की सबसे बड़ी ताकत यहां रहने वाले भारतीय हैं।

## मायावती का कांग्रेस पर हमला: सत्ता मिलने पर दलित व मुस्लिम को दरकिनार कर देना कांग्रेस की पुरानी आदत



कर्नाटक चुनाव में मिली करारी हार पर बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हर राज्य में पार्टी की तैयारी इस तरह से होनी चाहिए कि चुनाव में चाहे किसी की भी हवा हो बसपा की स्थिति अच्छी रहनी चाहिए। मायावती ने कर्नाटक में दलित व मुस्लिम समुदाय से एक भी डिप्टी सीएम न बनाए जाने पर नाराजगी जताई है और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बसपा का राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित होना बहुत जरूरी है। खासकर दलित व मुस्लिम समाज को सत्ता में अपनी उचित भागीदारी और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर काफी सजग रहने की जरूरत है।कर्नाटक में इन वर्गों ने एकजुट होकर कांग्रेस को वोट देकर जिताया है किंतु सरकार बनते समय इनकी हमेशा की तरह उपेक्षा की गई। इनकी दावेदारी की अनदेखी करते हुए न तो इस वर्ग से सीएम बनाया गया और न ही कोई डिप्टी सीएम। कांग्रेस को दलित व मुस्लिम हमेशा बुरे वक्त में ही याद आते हैं और सत्ता मिलते ही वह इन्हें भूल जाती है।

## मैरिज लान और सिविल कोर्ट परिसर में लगी भीषण आग, गर्ल्स हास्टल से 40 लड़कियों को सुरक्षित निकाला





लखनऊ - सिटी स्टेशन के पास सेलिब्रेशन मैरिज हाल के चौथे तल पर मंगलवार तड़के शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। तीसरे तल पर गर्ल्स हास्टल चलता है। आग बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। वजीरगंज पुलिस और चौक फायर स्टेशन से एफएसओ पुष्पेंद्र यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल की एक टीम तीसरे तल से लड़कियों को जीने के रास्ते सुरक्षित निकालने लगे। जिसमें करीब 35-40 लड़कियां रहती हैं। चौथे तल से आग की लपटें और धुआं निकलता देख लड़कियां चीख-पुकार मचाने लगीं। आस पड़ोस के लोग दौड़े पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। आग बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। वजीरगंज पुलिस और चौक फायर स्टेशन से एफएसओ पुष्पेंद्र यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल की एक टीम तीसरे तल से लड़कियों को जीने के रास्ते सुरक्षित निकालने लगे। वहीं, दूसरी टीम ने बाहर से पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इस बीच आग की तपिश से खिड़कियों में लगे शीशे फट गए। एफएसओ ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया लिया गया। कोई हताहत नहीं हुआ। आग चौथे तल पर गेस्ट हाउस में ही थी। हास्टल तक नहीं पहुंच सकी। गेस्ट हाउस में रखा काफी सामान बेड, सोफा और अन्य फर्नीचर जल गया। उधर, सिविल कोर्ट के दो नंबर गेट पर दोपहर आग लग गई। आग की लपटें विकराल हो उठीं। चपेट में आने से गेट के पास खड़ी बाइकें जलने लगीं। घटना से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने दमकल को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आने से15 से अधिक बाइक जल गईं।

### पूरी सड़क पर लगी रहती बाइकें, दमकल पहुंचने में हुई दिक्कत

सिविल कोर्ट गेट नंबर दो के पास पूरी सड़क पर वाहनों की पार्किंग से पटी रहती है। पैदल निकलने की भी जगह नहीं बचती है। आग लगने पर अफरा-तफरी मची। दमकल मौके पर पहुंचने में बहुत दिक्कते हुईं। दमकल को रास्ता न मिलने पर अधिवक्ताओं ने आनन फानन गाड़ियां किनारे कीं। जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच सकी।

## निगमों के मेयर से मिले सीएम योगी, बोले- अपने नगर निगमों के लिए कुछ अच्छा और कुछ नया करें



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित महापौरों से कहा कि विकास के लिए पैसे की कमी नहीं है। विकास के जरिये आप परिवर्तन लाइये। आप सभी कार्यों में मानक और गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखें। कहा कि प्राथमिकता बनाकर कार्य करें, जिससे हर वार्ड का समुचित विकास होगामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव निर्वाचित सात महापौर से मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी महापौरों को जीत की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पीएम मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत की तर्ज पर अपने-अपने नगर निगमों को भी आत्मनिर्भर बनाने का सुझाव दिया। सीएम योगी ने नगर निगमों की आय बढ़ाने से लेकर क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के साथ ही जनप्रतिनिधियों के समर्थन के साथ सभी मेयरों को नगर निगमों की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। नवनिर्वाचित उपस्थित महापौर ने जीत का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया। सीएम ने कहा कि विकास ही सफलता का माध्यम है। विकास के लिए पैसे की कमी नहीं है। विकास के जरिये आप परिवर्तन लाइये। आप सभी कार्यों में मानक और गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखें। सीएम ने कहा कि प्राथमिकता बनाकर कार्य करें, जिससे हर वार्ड का समुचित विकास होगा। सीएम ने सीएसआर के पैसे से जनता से जुड़े कई बेहतर कार्य करने के भी निर्देश दिए।

### नया करने का दिया सुझाव

सीएम योगी ने उपस्थित सभी महापौर को कुछ अच्छा और कुछ नया करने का सुझाव दिया। सीएम ने क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के प्रति सक्रिय और सजग रहने को भी कहा। उन्होंने अंडरग्राउंड केबलिंग के कार्य को प्राथमिकता पर रखने के साथ ही कूड़ा प्रबंधन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, स्ट्रीट लाइट को भी तरजीह देने को कहा। इसके अलावा नगरीय इलाकों में आवारा कुत्तों की समस्याओं के निराकरण व गोवंश को भी प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। सेफ सिटी के लिए मुख्यमंत्री ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी 17 नगर निगम को %स्मार्ट% बनाने पर विशेष जोर है। सीएम ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में शौचालय की सफाई व मेंटिनेंस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आम आदमी के लिए कन्वेंशन सेंटर बनवाने का भी निर्देश दिया। इससे निगम की आय होने के साथ लोगों को भी लाभ मिलेगा। सीएम ने बरसात से पहले नालों की सफाई और प्लास्टिक पर अंकुश लगाने को भी कहा।

### विभिन्न माध्यमों से बढ़ाएं नगर निगम की आय

मुलाकात में सीएम योगी ने नगर निगमों की आय को बढ़ाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्रमुखता से रखा। उन्होंने नगर निगम के कर सुधार समेत आय के अन्य साधनों पर जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीक के जरिये टैक्सेशन के लिए आम नागरिकों को सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि वे सरलता से टैक्स जमा कर सकें। लोगों को टैक्स जमा करने के प्रति जागरूक किया जाए। ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान की जाएं। सीएम ने महापौर को जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहने और उनसे तालमेल बनाकर काम करने के लिए भी निर्देशित किया। मल्टीलेवल पार्किंग के जरिये सड़क पर वाहन खड़े न होने का लाभ मिलेगा और इससे आय का स्त्रोत भी बढ़ेगा।

### समान समस्याओं के निदान पर भी दिए निर्देश

सीएम ने ऐसी समस्याओं के निदान पर भी जोर दिया, जो सभी नगर निगमों में समान हैं। इनमें सड़क पर जलभराव की स्थिति को सुधारने, नाला सफाई और स्वच्छता समेत अन्य अहम समस्याएं शामिल रहीं। अवैध टैक्सी स्टैंड को लेकर भी सीएम ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अवैध टैक्सी स्टैंड को चिह्नित कर उन्हें हटाने की कार्रवाई की जाएं। इन अवैध टैक्सी स्टैंड के अल्टरनेटिव पर भी काम किया जाए, ताकि आम लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। सभी बड़े चौराहों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए थे, जहां अभी ये कार्य न हुआ हो वहां प्राथमिकता के आधार पर इसके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। सीएम से मुलाकात करने वाले महापौर में झांसी के बिहारी लाल, अलीगढ़ के प्रशांत सिंघल, मेरठ के हरिकांत अहलूवालिया, शाहजहांपुर की अर्चना वर्मा, मथुरा के विनोद अग्रवाल, गाजियाबाद की सुनीता दयाल, आगरा की हेमलता दिवाकर सम्मिलित रहीं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# संपादकीय Editorial

## Loss of overall transport

The concerns of the state government are coming to the fore in trying to save and try again the government buses of Himachal carrying the flag of transport. Some avenues are being worked out and efforts are also being made to move towards new fleet of buses and e-buses showing commitment towards HRTC. There is no doubt that public transport was neglected to some extent in the previous BJP government and HRTC appeared to be losing its capacity and efficiency, but on the contrary, private buses compensated the public by providing transport facilities. Now the present government wants to save HRTC's nose on the model of electric buses under its e-vehicle policy. The criteria to make the transport corporation self-sufficient are right in their place, but a strong and permanent transport policy is needed to recover the entire transport from losses. In this perspective, the penalty imposed on about sixty thousand trucks is being waived. At least the private sector Volvo buses have been declared criminal in the upcoming steps of the government. They are also being called Volvo Mafia, while it has been proved in the last two decades that these buses have created a chain on the field of state tourism. The participation of the private sector in the impact of transport and tourism is amazing that the tourist arrival in Himachal is continuously increasing. Although these are not passenger buses, yet especially in Delhi, private Volvo has made the movement easy, comfortable and international standards. has reached. The complaint is that the HRTC versus private Volvo competition has raised questions on state-run buses, so now the tax regime is being tightened. The question is whether to save HRTC, private buses, especially Volvo or tourist buses, should be considered economic offenders for this. The question is also that instead of understanding tourist buses in national perspective, why should they be weighed with regional feelings. Private versus government buses will not make up for anyone's loss, rather the loss of the entire transport will increase. We do not say that private Volvos should be allowed to run wild, but it must also be acknowledged that these buses are currently the real brand of Himachal tourism, ferrying thousands of tourists to various destinations every day. In such a situation, it becomes necessary that the policy of operating private Volvo buses as a tourism partner should be made in such a way that maximum number of tourists from neighboring states come here through them. At present, these buses are registered under All India Permit in the same way as state tourism buses are running. It is also a fact that many Himachali youths are now driving Volvo buses, but their buses are getting registered in Haryana or Chandigarh. In this way, Himachal is bearing the total GST loss on the purchase of a Volvo bus, which is around thirty to thirty-five lakhs. Himachal may impose a fee of nine lakhs annually on each Volvo, but in comparison, Chandigarh charges 11 thousand every year. , Haryana is collecting 1.5 lakh, Uttarakhand 72 thousand and Arunachal Pradesh 42 thousand state road tax. Today we may look down upon the private Volvo buses and impose heavy entry fees, but tomorrow when these same buses will change direction, tourism will surely take a hit. On the other hand, if the government takes a decision on Volvo as well as taxi operation and arranges to run them on the meter system, then the image of the state as a tourism state will be bright. As far as the loss of HRTC is concerned, the state will have to reduce the cost of its operation. Without reducing the number of unnecessary bus depots and managers who have been registered in HRTC's extravagance, no measure will be more meaningful.

# Movies stir the emotions of man

Film is a powerful mass medium, which has immense potential to deeply influence the human mind. It is a wonderful confluence of art and beauty, which not only overcomes the human mind, but also changes its habits and behaviour. Movies clarifies the feelings of man and stirs his emotions. Cinema as a mass medium in India has a glorious past and influence. Films have played an important role in India. Hindi films have played an important role in promoting Hindi in the South Indian states. Various social problems ranging from communal harmony, anti-dowry, mismatched marriages to AIDS, migration to cities, unemployment, poverty, student unrest, social and economic exploitation etc. have been deeply explored in the films. The film is a mass miraculous medium, in front of which the viewer becomes engrossed by losing his mind. Movies have a deep impact on him. The film was screened for the first time by the Luquier Brothers on 7 July 1896 at the Watson Hotel in Mumbai. This marked the beginning of Indian cinema. One hundred years after the debut of cinema in the world, India also got acquainted with this mass medium. In 1912, Dadasaheb Phalke produced the first Indian film, Raja Harishchandra, which was released on 3 May 1913. In those days the female characters were also acted by men. The first use of sound in films came in 1928. After this the era of silent films started in India. The memory of silent films ended with the making of Aandhi Sher Irani's Alam Ara, the first Indian talkie film in 1932. Along with Hindi, films in other languages also started being made in the country. Dada Phalke later also made films like Lanka Dahan, Kalia, Mardan etc. Between 1931 and 1947, 6590 Hindi films were produced. Film production continued even after independence. By this time stars had arrived in Indian films. Dilip Kumar, Madhubala, Meena Kumari, Devanand, Raj Kapoor etc. were popular stars. In the 50s and 60s, Satyajit Ray, Sohrab Modi, Raj Kapoor, Guru Dutt etc. provided new heights to Indian cinema. Satyajit Ray remained active in film education throughout his life. He made the film Shatranj Ke Khiladi in Hindi in 1977. India's successful filmmaker was awarded the highest Oscar award in films. The 1960s saw considerable technical and thematic advances in cinema. New themes and situations have been explored in cinema in new ways. Violence has also slowly entered films. Our Indian culture can be safe only when family films are given maximum importance and films are made in such a way that people get emotional after seeing the story. There are so many stories in Indian history which are not able to come on the screen, the stories of Indian history should be brought to the fore through beautiful and clean films. The story of brave men should be shown in cinema houses, which will have a right effect in the minds of the people. Hindi films as well as regional films have been popular in India since the early years. Today Indian films have become international. Today they are being manufactured keeping in mind the global market. In terms of technology, thematic marketing, etc., Indian cinema has reached a place where it was not before. **Writer - Dr. Nandkishore Shah**

# The changing nature of cinema in the society

Movies are the mirror of our society. The things seen affect our heart and mind more than the things read. Things written in words seem to be a burden on the mind. The enlightening things said by the same entertainer make our heart and mind inclined to become aware in that direction. This is the reason why films depicting family unity were helpful in instilling a sense of duty towards the family, whereas in the freedom struggle, patriotic films had a greater contribution in instilling enthusiasm towards patriotism. In the same way, good and bad films related to social discrimination and political activities, etc. cinema also contributed to the awareness of all the systems and evils. There was a time. When together we used to go to the cinema hall with my family to watch family movies. There was an excitement that the story of this film would be very good, people used to guess in advance that the level of the story would be family. The cleanliness used to be there in the films made in those days. Nowadays it has become a sloppiness in Hindi cinema, neither there is any story nor clean films. The story of Ramayana of our old times was different in which everyone's character was impressive. Ram ji's form has been shown to be charming in Ramayana, Hanuman ji also had a different identity, Bhishma Pitamah's death bed scene had given life to the entire Ramayana, Ravana's character was also worth watching, but nowadays cinema in Indian society The changing nature of the world is becoming extremely dangerous, civilization and culture are being ridiculed by everyone, cinema has become a joke. Provocative scenes dirty songs are being shown in movies in the name of entertainment! Who has neither head nor legs! All these are being used to increase the TRP of the films. When the children of the family, the elders all sit and watch these films and if any scene goes wrong in it, they bow their heads in shame, the children also start looking here and there to see what they have seen! Movies full of sexuality give wrong influence in the future of children. Dirty scenes are made in films and there is so much noise in its songs that once I feel like turning off the television and sitting down. Movies of Karuna, Shaurya, Vatsalya, Courage are no longer shown in Indian theatres, there are only a few films which one likes to watch which are brave. In the songs of old-time films, there used to be a complete picture of nature and a complete account of the family story, seeing which the part of the story used to roam in the mind for many days, the skill of making good films in less money was found in old Hindi films. Only the director knew. The standard of today's Hindi cinema has fallen. It is directly affecting the people. People start living in the same films, trying to adapt their wrong character in their lives. Such films are causing moral degradation of the people. People are becoming victims of drugs, smuggling, ruining their future and everyone is sitting as a surveyor. There should be a ban on such entertainment, due to which the mental level of people is falling down, such films should not be taken in theatres. There were many women in our history whose bravery saga is rarely seen in history, we should bring their heroic sagas and struggle as a story in cinema, seeing which people bow their heads to respect women! Put a ban on such films which give a wrong impression, give a clean environment to our Indian culture, by learning which the coming generations continue to teach good lessons to their next generation. Serials shown on TV and films in Indian cinema should be such that seeing people do not create wrong feelings, save the young generation from downfall, save their future! People are committing wrongdoings only after watching pornographic films. Try to save Indian heritage, don't make fun of them. To keep the level of humanity high by showing wrong films, we can save the young generation from bad behavior by boycotting abusive films, otherwise the coming generation will not differentiate between right and wrong.- Author - **Dr. Nandkishore Shah**

## In political lies

The country trapped in the true lie of politics may see the grimness of the society and the nation on the principles of people's representation, but the faith of the leaders is now the supremacy of the power. The entanglements of politics in the horoscopes of power are seen every time in the political ascension of Himachal and the fall of the government. Consumption of power in politics is sitting on social, economic and state systems, as a result of which many years of a state like Himachal are also being lost in a big bargain. Conduct is not only weakening in the aspect of politics, but the social vision has also become poor. Recently, the BJP did not like former MLA Jawahar Thakur raining in drought, whereas in a democratic form, the conduct of the parties should be so strong that at least in the event of defeat, there is an open discussion. When the ex-MLA removed the scales of the party in BJP's power, there was oppression, so Rakesh Jamwal, in-charge of Mandi parliamentary constituency and the state general secretary of the party, has to ask him in a strict tone. In such a situation, who would have the courage to ask like being nagging. By the way, you don't get a gift in defeat, but politics has now forgotten to make atonement. More than what can be taken away from the former MLA in party discipline, the issue is that while in power, political parties are now running as a jundli. Only the need for dominance is seen and understood between the government and the organization. It has now become a strange job, that's why when the employees demand OPS, the answer is that once you win the election, show it. The country is losing its moral base by becoming a slave of electoral politics. As long as there is power, the parties hide all their frustrations within themselves and get trapped in their own praise and then when the power is lost, all the anger comes out like a wrestler. Jawahar Thakur's anger has exposed the wrist of his own predecessor government, while somewhere the anger of former Jwalamukhi MLA Ramesh Dhawala is once again revealing his era of power. In the illusion of politics, the public is repeatedly tricked that change will happen as soon as there is a change of power or justice will smile on the face of the state, but in the present era, there is so much narrowness in the room of power that competition with loved ones is being seen. Challenges were also there from YS Parmar to Shanta Kumar and there were competitions within the government, but now the faults of 'friend's government' or 'friend's government' are coming to the fore. The difference between the BJP and the Congress governments was seen to such an extent that the saffron effect kept on making such appointments in power through the RSS which proved to be termites in the strength of the organization and the government. We cannot say that Jawahar Thakur is right, but BJP does not have the strength and reason to listen to what he said. Even before this, when Ramesh Dhawala kept speaking as an MLA in and out of power, the BJP continuously ignored him. When BJP did not analyze its power and power room even after losing four by-elections, don't know how many Jawahar Thakur would have been born. If Kirpal Parmar's direct confrontation in the Fatehpur by-election did not calm down even after being contacted by the Prime Minister, then who tried to stop the stampede in these streets. In such a situation, if the present Congress also reads the anger pasted on the walls of BJP, then many remedies and havan materials will be found for inner peace. The intoxication of power often tries to forget Jawahar Thakurs or Ramesh Dhawalas, but when the injury happens on time, everyone sighs on the injured scene. The sighs of the BJP government will be heard even if the party imposes a blanket of discipline on Jawahar Thakur unilaterally. If MLAs, former MLAs or senior leaders are harassed even after being in power, then there is no need to invite the opposition to protest. It will be necessary for the Himachal BJP to investigate the past tenure of its power so that during the upcoming Lok Sabha elections, the characteristic meaning of such anger does not come out.

# लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में कर-करेत्तर राजस्व की प्रगति की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें मण्डलायुक्त ने वाणिज्यकर, स्टाम्प एवं निबंधक, परिवहन, आबकारी, विद्युत, वन, खनन, सिंचाई, खाद्य सुरक्षा, मत्स्य, चकबंदी आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मण्डलायुक्त ने स्टाम्प एवं निबंधन में हर जनपद में प्रगति खराब होने पर बढ़ाने के तथा स्टाम्प के पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली पर व्यवस्थित तरीके से कार्य किया जाये। उन्होंने गेंहू खरीद पर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि बड़े किसानों एवं आढ़तियों से भी बात करते रहें।

उन्होंने रामपुर एवं सम्भल के संबंधित अधिकारियों को गेंहू खरीद पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने मुरादाबाद व बिजनौर के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमीनों से मानकानुसार वसूली करवायी जाये। आयुक्त ने आबकारी विभाग के संबंधित अधिकारी को सम्भल एवं रामपुर की प्र्रगति की स्थिति खराब होने पर ठीक करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत देयों की वसूली के संबंध में रामपुर की स्थिति खराब होने पर संबंधित अधिकारी को लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने खनिज विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध खनन पर निरन्तर निगरानी रखे तथा तत्काल कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस प्रणाली के अन्तर्गत प्राप्त जनशिकायतों का प्राथमिकता से समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करते रहें, डिफाल्टर न बनें। बैठक में अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद, अपर जिलाधिकारी बिजनौर, अपर जिलाधिकारी अमरोहा, अपर जिलाधिकारी रामपुर, अपर जिलाधिकारी सम्भल, समस्त बंदोबस्त अधिकारी सहित स्टाम्प, विद्युत, खनन, वन एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद - जिलाधिकारी कैम्प सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु के संबंध में बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी समस्या, पुलिस सुरक्षा संबंधी समस्या, बैंक से ऋण संबंधी समस्या, पेंशन संबंधी समस्या, शिक्षा संबंधी, चिकित्सा संबंधी, आर्थिक सहायता संबंधी समस्या, पूर्ति संबंधी समस्या सहित सैनिकों से प्राप्त अन्य संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया। बैठक में पूर्व सैनिक हवलदार कुलदीप सिंह ने शस्त्र लाईसेंस के पंजीकरण के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रेषित किया, जिस पर जिलाधिकारी ने इस प्रकरण पर संबंधित अधिकारी को कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश दिए। बैठक में रिटायर्ड हवलदार विकेश कुमार शर्मा द्वारा असलाह लाईसेंस के आवेदन के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में पुष्कर कुमार भटनागर रिटायर्ड आनरेरी फ्लाइंग आफिसर ने सड़क नाली की साफ-सफाई के सन्दर्भ में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। रिटायर्ड हवलदार तेजपाल सिंह द्वारा टूटी पुलिया बनवाने के संबंध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के चीफ इंजीनियर को जल्द से जल्द कार्यवाही के निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों की अन्य समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, सी0ओ0 डा0 अनूप सिंह, एल0डी0एम0 विशाल दीक्षित, रिटायर्ड कर्नल दलजीत सिंह चनना व भूतपूर्व सैनिकगण व उनके परिवारजन उपस्थित रहें।

# एमडीए की प्रवर्तन टीम ने सील किया अवैध निर्माण, कार्रवाई से हड़कंप



मुरादाबाद- मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को काशीपुर रोड पर अवैध निर्माण को सील करने की कार्रवाई की। प्रवर्तन टीम के इस कदम से आसपास निर्माण करा रहे लोगों में हड़कंप मच गया।

टीम ने मोहम्मद सानू द्वारा ग्राम गोदी हमीरपुर बाजार के पास काशीपुर रोड पर लगभग 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर भूतल पर अवैध रूप से निर्मित तीन कमरे व हाल को सील किया। इस निर्माण के विरुद्ध उत्तर प्रदेश शहरी योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा 27 व 28 के अन्तर्गत वाद संख्या 805/2022 कायम कर नोटिस जारी किया गया था। लेकिन इसके बाद भी निर्माण जारी रहने पर कार्रवाई की गई। वहीं टीम ने शरीफ पुत्र छिद्दा द्वारा बरबरा मजरा, काशीपुर रोड़ पर जिम्मा मार्केट के सामने बड़ा खड़ंजा मार्ग पर लगभग 40 'म70 'के भूखंड पर दो कमरा व एक हॉल, सीढ़ी और 10 दुकान निर्मित किए जाने के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की। इस मामले में वाद संख्या-986/2022-23 के अन्तर्गत निर्माण कार्य जारी रखने के कारण परिसर को सील किया गया। कार्रवाई के दौरान जोन प्रभारी केएन जगूड़ी, अवर अभियन्ता मानिक चन्द गुप्ता, रामप्रकाश खरे तथा प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते के साथ ही भोजपुर और कटघर थाने के पुलिस बल मौजूद रहे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का कहना है कि प्राधिकरण से बिना अपने भवन का मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण न कराएं। भवन या भूखंड पर अवैध निर्माण की स्थिति में प्राधिकरण नियमानुसार कार्रवाई कर भवन को सीलबन्द करने के साथ ध्वस्त भी कर सकता है। जिसकी सभी जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की होगी। उन्होंने यह भी अपील किया कि प्राधिकरण क्षेत्र में कोई भी भूखंड या भवन या व्यावसायिक प्रतिष्ठान की खरीद बिक्री करने से पहले प्राधिकरण कार्यालय में आकर उसके बारे में जानकारी कर लें। होने की दशा में कार्रवाई निश्चित है।

# उत्तराखंड, दिल्ली भेजा जा रहा 2140 क्विंटल गेहूं जब्त



मुरादाबाद- खाद्य विभाग की टीम ने जिले से उत्तराखंड और दिल्ली भेजा जा रहा पकड़ा है। मंगलवार को अलसुबह से लेकर पूरे दिन अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी में 2140 क्विंटल गेहूं पकड़ा गया। टीम ने गेहूं लदे वाहन स्थानीय थाने और पुलिस चौकी पर खड़ा करा दिया। मामले में प्राथमिक दर्ज की जा रही है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने दलपतपुर गोविंदपुर खुर्द के के भगतपुर टांडा मार्ग पर उत्तराखंड के काशीपुर ले जाए रहे गेहूं लदे वाहन को पकड़ा। टीम ने दौलपुरी में पकड़े गए वाहन से 210 क्विंटल गेहूं जब्त किया। जबकि शक्तिखेड़ा में अवैध रुप से भंडारण किए गए 250 क्विंटल गेहूं को भी जब्त कराया। भगतपुर टांडा थाना क्षेत्र में ही टीम ने भदगवां गांव में 500 क्विंटल, महेशपुर में 250 क्विंटल गेहूं पकड़ा।यहां पर कार्रवाई के दौरान टीम में मार्केटिंग इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह, विपिन श्रीवास्तव शामिल रहे। टीम ने ठाकुरद्वारा से काशीपुर उत्तराखंड ले जाए जा रहे गेहूं लदा वाहन पकड़ा। जिसमें 230 क्विंटल गेहूं लदा था। अलीगंज से काशीपुर ले जाते 300 क्विंटल गेहूं पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी के साथ एएमओ राजेश प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, मार्केटिंग इंस्पेक्टर जगत नारायन, प्रदीप, सचिन शामिल रहे। उधर,पाकबड़ा में दो ट्रकों पर लदा 400 क्विंटल गेहूं पकड़ा गया जो दिल्ली ले जाया जा रहा था। यह दोनों ट्रक होटल हालीडे रेजीडेंसी और जीरो प्वाइंट के बीच पकड़े गए।

# प्रधानाध्यापक व योगाचार्य खिलेंद्र सहित चार लोगों को मथुरा में किया गया सम्मानित

मुरादाबाद- समाज सेवा और प्रकृति संरक्षण, योग आदि के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में प्राथमिक विद्यालय चंगेरी के राज्य पुरस्कार विजेता प्रधानाध्यापक व योगाचार्य खिलेंद्र सिंह सहित चार लोगों को मथुरा में सम्मानित किया गया। भगवान योगीराज श्रीकृष्ण की पावन धरती पर योग एवं सामाजिक कार्य करने वालों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 75 जनपदों से विद्वान जन, समाजसेवी, प्रकृति संरक्षण और योग के क्षेत्र मे निशुल्क योगदान देने वाले शामिल हुए। जिन्होंने पशु पक्षियों की सेवा की हो, लावारिस शवों का दाह संस्कार,गरीबों की मदद, रोगियों का निशुल्क उपचार, योग के माध्यम से लोगों को




निरोग बनाने में योगदान दिया था उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें मुरादाबाद जिले के चार शिक्षकों खिलेन्द्र सिह, प्राथमिक विद्यालय माननगर छजलैट कांठ की भुवनेश कुमारी, अनंत कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय जियाउद्दीनपुर बिलारी ब्लॉक और अमित कुमार तोमर कंपोजिट विद्यालय कलालखेड़ा कुंदरकी ब्लाक भी सम्मानित किए गए। इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह ने खुशी जताकर इन्हें बधाई दी है।

कहा कि शिक्षण कार्य के साथ सामाजिक जीवन में सक्रिय रहकर अपनी भूमिका निभाना सराहनीय है। इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, फर्म कर्मचारी की मौत



मुरादाबाद- फर्म से घर जा रहे कर्मचारी की बाइक में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जनपद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव मुड़िया निवासी राजेंद्र मझोला थाना क्षेत्र के लाकड़ी बाईपास स्थित एक निजी फर्म में नौकरी करता था। बताया कि सोमवार देर रात वह फर्म से बाइक द्वारा घर जा रहा था। जब वह कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा बाईपास के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर कुंदरकी के सरकारी अस्पताल पहुंची, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल को जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। राजेंद्र की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

# बहन की पैरवी में आए भाई की थाना परिसर में हार्ट अटैक से मौत



मुरादाबाद- मारपीट के मामले में बहन की पैरवी में थाने आए गांव गदीपुरा निवासी वाजिद ( 50 ) की थाना परिसर में हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे थाने में खलबली मच गई। हालांकि पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचा, लेकिन, चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि गांव अहमदनगर जैतवाड़ा निवासी कमरुल निशा पत्नी मोहम्मद वारिस का शनिवार को घर में बकरी घुसने को लेकर पड़ोसियों से झगड़ा हो गया था।

इस संबंध में वाजिद की बहन कमरुल निशा ने दूसरे पक्ष के लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई थी। मंगलवार को दोनों पक्ष थाना कुंदरकी पहुंचे थे, वहां समझौते की बात चल रही थी। इसी दौरान वाजिद को अचानक अटैक आ गया और वह नीचे गिर गया। इससे वहां पर मौजूद लोग सकते में आ गए और पुलिसकर्मी आनन-फानन वाजिद को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन जान नहीं बच सकी । घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार और एसपी देहात संदीप कुमार मीना भी सीएचसी पहुंचे। उन्होंने मामले से संबंधित पूछताछ की। परिजनों ने वाजिद का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में व्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# 5 दिन पूर्व हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण, शराब न पिलाने को लेकर हुई थी युवक की हत्या

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना मिरहची पुलिस को मिली बड़ी सफलता, थाना मिरहची क्षेत्रांतर्गत करीब 5 दिन पूर्व हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण, शराब न पिलाने को लेकर हुई थी युवक की हत्या, मौके पर बरामद हुई अंगूठी के आधार पर आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, अभियुक्त की निशांदेही पर घटना के समय पहने हुए खून सने कपड़े बरामद। घटना का विवरण -दिनांक 18.05.2023 को थाना मिरहची पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना मिरहची क्षेत्रांतर्गत ग्राम दतेई के पास बने मंदिर के पास सड़क के किनारे एक व्यक्ति का शव संदिग्धावस्था में पड़ा हुआ है, इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि शव सतीश चन्द्र पुत्र स्व0 यादराम निवासी ग्राम नगला ख्याली थाना मिरहची एटा का है, मृतक के भाई वादी श्री प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 यादराम निवासी नगला ख्याली थाना मिरहची एटा द्वारा गॉव के ही टिंकू उर्फ हरिओम पुत्र श्यामपाल तथा सतीश सोलंकी निवासी शांति नगर थाना कोतवाली नगर एटा के विरुद्ध अपने भाई सतीश को अपने साथ मोटर साइकिल पर बैठाकर दतेई शराब के ठेके पर ले जाकर वहॉ शराब पिलाने तथा उसकी हत्या कर देने सम्बन्धी आरोप अंकित कर दी गई तहरीर के आधार पर थाना मिरहची पर मुअसं - 108/2023 धारा 302, 301 भादवि बनाम टिंकू उर्फ हरिओम व सतीश सोलंकी पंजीकृत किया गया। अनावरण तथा गिरफ्तारी - दिनांक 23.05.2023 थाना मिरहची पुलिस द्वारा उक्त घटना का सफल अनावरण कर प्रकाश में आए अभियुक्त सुखबीर सिंह पुत्र सूबेदार सिंह



निवासी दतई थाना मिरहची जनपद एटा उम्र करीब 42 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर समय करीब प्रातः 05.05 बजे अतरंजी खेड़ा काली नदी के पुल के पास ग्राम अचलपुर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मुख्य बिंदु - 1. मृतक का शव जिस दिन स्थानीय पुलिस को मिला वहीं घटनास्थल से एक कछुआ छाप पीली धातु की अंगूठी भी पुलिस को बरामद हुई थी। उस अंगूठी के आधार पर ही अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में आया। 2. गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में यह तथ्य सामने आए कि अभियुक्त 42 वर्षीय अविवाहित व्यक्ति है तथा उसने करीब एक माह पूर्व 07 लाख 60 हजार रुपये में अपनी खेती बेची थी, जिसे उसने बैंक में जमा कर दिया था। 3. बैंक में जमा रुपयों में से 49 हजार रुपये निकालकर अभियुक्त द्वारा अपने घर धार्मिक आयोजन का आयोजन कराया गया था, जिसमें उसने अपने कुछ रिश्तेदारों तथा मित्रों को घटना वाले दिन आयोजन का समापन होने के उपरांत भोज पर बुलाया था। 4. आयोजन के समापन वाले दिन अभियुक्त शाम करीब 03 बजे से लगातार शराब पीता रहा तथा मित्रों के कहने पर उनके लिए रात्रि करीब 08.30 बजे पैदल ही गॉव के ठेके से शराब लेने चला गया। 5. उसी समय मृतक सतीश भी अपने गॉव के ही एक व्यक्ति के साथ उसी ठेके पर गया और दो क्वार्टर शराब के लिए तथा दोनों ने वहीं बैठकर पी लिए। 6. अभियुक्त द्वारा शराब लेकर जब सैल्समेन को 500 रुपये का फटा नोट दिया तो सैल्समेन ने नोट वापस कर दिया, तब अभियुक्त ने धार्मिक आयोजन के खर्चे में से बची एक नोटों की गड्डी अपनी पेन्ट की जेब से निकाली, और उसमें से सेल्समेन को रुपये दे दिए। अभियुक्त को नोटों की गड्डी निकालते समय पास में ही खड़े मृतक सतीश ने देख लिया था, और अभियुक्त के थोड़ा आगे जाने पर शराब पीने के लिए उसने अभियुक्त सुखवीर से रुपये मॉगे, अभियुक्त द्वारा रुपये देने से मना करने पर दोनों के मध्य कहासुनी हो गई। 7. अभियुक्त जब शराब लेकर वापस अपने घर जाने लगा तो ठेके से करीब 100 मीटर की दूरी पर पीछे से आकर मृतक ने उसके सिर पर मुक्के से वार कर दिया। 8. अभियुक्त अचानक पीछे से हुए हमले से घबरा गया और मृतक से शरीर में काफी बलिष्ठ होने पर उसने मृतक सतीश को नीचे गिरा लिया सड़क पर उसे पटकने लगा जिससे मृतक के सिर में सड़क की गिट्टियॉ से काफी चोट आ गई, करीब आधा घण्टा दोनों लोग आपस में नशे की हालत में गुत्थतगुत्था होते रहे। 9. इसी बीच मृतक ने अभियुक्त की बॉयें हाथ की ऊंगली को अपने मुंह में डालकर काट लिया और ऊंगली न छोड़ने पर अभियुक्त ने उसके गुप्तांगों (वृषण) को अपने हाथों से कसकर दबा दिया, जिससे सतीश की मृत्यु हो गई। ऊंगली काटते समय अभियुक्त की अंगूठी मौके पर ही ऊंगली में से निकल कर गिर गई। 10. अभियुक्त ने घटना को अंजाम देने के बाद अपने पहने हुए खून से सने सारे कपड़ों को गॉव के पास जाकर कूड़े के ढेर में दबा दिया, और गॉव के ही ऑटो वाले को बुलाया तथा उसके ऑटो से सहावर उतर गया। 11. मौके से बरामद अंगूठी के आधार पर अभियुक्त घटना में प्रकाश में आया, जिसे स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

# भ्रष्टाचार खत्म करने को गांव स्तर पर निगरानी समिति बनाने का निर्णय लिया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एटा सदर तहसील सहित उत्तर प्रदेश के सभी तहसीलों में संगठन के समस्त सम्मानित क्रांतिकारी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित कर क्षेत्रीय, प्रदेश एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर चिंतन करते हुए तय किया कि सबसे ज्यादा अगर भ्रष्टाचार प्रदेश या देश में कंही है तो वह गांव स्तर पर है गांव के सीधे साधे लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा निरंतर लूटा जा रहा है बैठक में सबसे ज्यादा शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की भ्रष्टाचार करने की ही आती है इसलिए संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने तय किया कि भ्रष्टाचार को गांव स्तर पर खत्म करने के लिए प्रत्येक गांव पर अखिल भारतीय किसान यूनियन की तरफ से कम से कम 21 सदस्यों की निगरानी समितियां बनाई जाएंगी उक्त निगरानी समितियों के संचालन हेतु सर्वप्रथम पूर्व सैनिक, गांव के पूर्व प्रधान एवं पराजित प्रधान सहित गांव के तमाम क्रांतिकारी नौजवानों को



